संख्या–865 / पाँच–5–2020

प्रेषक,

अमित मोहन प्रसाद,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद–सम्भल, चंदौली, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फतेहपुर, बलिया, मऊ, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, बहराइच, गोण्डा बलरामपुर, श्रावस्ती, अम्बेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, झांसी, जालौन, ललितपुर, इटावा, कानपुर देहात, फर्रूखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, सोनभद्र एवं भदोही।

चिकित्सा अनुभाग–5 **लखनऊ; दिनांकः 14 अप्रैल, 2020**

विषयः–दिनांक 15.04.2020 को सायं 04:00 बजे से 06:00 बजे तक निजी अस्पतालों की वीडियों कान्फ्रेसिंग।

महोदय,

आप अवगत है कि वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर कोविड–19 का प्रकोप फैला हुआ है। कोविड–19 के संक्रमण से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु प्रदेश में युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे है। यह अत्यावश्यक है कि सरकारी एवं निजी क्षेत्र के चिकित्सालयों में लोगों को आकस्मिक सेवाएं निरन्तरता के साथ प्राप्त होती रहें। साथ ही साथ सभी के द्वारा इन्फेक्शन प्रिवेन्शन प्रोटोकाल का भी पालन किया जाए ताकि चिकित्साकर्मी भी सुरक्षित रहें। इसी परिप्रेक्ष्य में **दिनांक 15.04.2020 को सायं 04:00 बजे से 06:00 बजे के मध्य** लखनऊ से आपके जनपद के निजी अस्पतालों को इन्फेक्शन प्रिवेन्शन प्रोटोकाल के विषय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी निजी अस्पताल जूम लिंक के माध्यम से वीडियों कान्फ्रेसिंग में भाग लेगें। उक्त हेतु **https://zoom.us/j/99287255138**, मीटिंग आई0डी0–**99287255138, Passward-005776** पर कनेक्ट करके इस कान्फ्रेसिंग में प्रतिभाग किया जा सकता है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया आप अपने जनपद के आई0एम0ए0 एवं निजी अस्पतालों को इस वीडियों कान्फ्रेसिंग में प्रतिभाग करने हेतु सूचित करने का कष्ट करें। सूचित किए गए अस्पतालों की सूची दिनांक 15.04.2020 को 12:00 बजे तक secupmhfw@gmail.com पर ई–मेल से एवं अपर निदेशक / मुख्य चिकित्साधिकारी के व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से अवगत कराने का भी कष्ट करें।

भवदीय,

14.4.20

(अमित मोहन प्रसाद)
प्रमुख सचिव।

संख्या–865 (1) / पांच–5–2020, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ।
2. निदेशक, संचारी रोग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(प्रांजल यादव)
विशेष सचिव।

Pankaj/GO/COME-3